# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.................... Date:.........................

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**

**COMPILED BY MEDIA CELL (02.09.2024)**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE-02.09.2024, PAGE-06

सुविधा | रिसर्च में डाटा के लिए शोधार्थियों को नहीं पड़ेगा अब भटकना, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विवि के कुलपति को दिया निर्देश

# सांख्यिकी विभाग के डाटा का विवि के रिसर्च में होगा इस्तेमाल

- पीएचडी करने वाले विद्यार्थी अपने शोध में डाटा का करते हैं इस्तेमाल
- सांख्यिकी विभाग पीएचडी के छात्रों को समर इंटर्नशिप भी कराएगा

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि के शोधार्थियों को अब रिसर्च में डाटा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। छात्र सांख्यिकी विभाग के डाटा का इस्तेमाल रिसर्च में कर सकते हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस बारे में विवि के कुलपति को पत्र लिखा है। यूजीसी का कहना है कि केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय ने हाल में ही कई सेक्टरों के बारे में डाटा तैयार किया है। विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले शोध के छात्र इस डाटा का इस्तेमाल अपने रिसर्च में कर सकते हैं। यूजीसी ने कहा है कि सांख्यिकी मंत्रालय का सैंपल सर्वे सभी क्षेत्रों के बारे में हैं। मंत्रालय ने इसे ई सांख्यिकी पोर्टल पर भी डाला है। शोध करने वाले छात्र सांख्यिकी मंत्रालय की वेबसाइट पर जाकर अपने काम का डाटा ले सकते हैं। मंत्रालय ने यह डाटा नीति बनाने और शोध करने वाले छात्रों के लिए ही तैयार किया है।

**जीडीपी व उद्योगों से जुड़े सर्वे का डाटा हुआ जारी :** यूजीसी ने कुलपतियों को पत्र लिखकर कहा है कि सांख्यिकी मंत्रालय की तरफ से शोध करने वाले छात्रों को समर इंटर्नशिप का मौका भी दिया जाएगा। शोधार्थियों के अलावा पीजी के छात्रों को भी यह मौका मिल सकता है। यूजीसी के अनुसार मंत्रालय ने जीडीपी, उद्योगों से जुड़ा सर्वे, टाइम यूज्ड सर्वे का डाटा जारी किया है।

**डाटा के लिए विवि के छात्र रहते हैं परेशान :** बीआरएबीयू में शोध करने वाले छात्र डाटा के लिए हमेशा परेशान रहते हैं। विवि में अभी डाटा आधारित कोई जर्नल नहीं रहने से छात्रों को दूसरे विवि में जाना पड़ता है। छात्र नेता गोल्डेन सिंह व श्रीनिवास ने कहा कि शोध करने वाले छात्रों को रिसर्च में डाटा एनालिसिस की जरूरत होती है। इसके लिए बिहार विवि में छात्रों को परेशानी होती है।

## बिहार विवि में दो सत्रों की पीएचडी होगी शुरू

बीआरए बिहार विवि में अब दो सत्रों की पीएचडी शुरू होगी। सत्र 2021 और 2022 की पीएचडी शुरू होने की प्रक्रिया विश्वविद्यालय में आरंभ कर दी गई है। आने वाले समय में वर्ष 2021 के विद्यार्थियों का कोर्स वर्क का रिजल्ट आना है। वहीं, वर्ष 2022 के विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को भी शुरू किया जाना है। इन दोनों सत्रों के अलावा पीएचडी 2023 की भी प्रक्रिया चल रही है। पीएचडी 2023 की प्रवेश परीक्षा अक्टूबर में होने की उम्मीद है। इसको लेकर विवि प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है।



## पीएचडी कराने वाले गाइड का अब भी टोटा

बिहार विवि के छात्र नेता व एआईएसएफ के जिलाध्यक्ष महिपाल ओझा ने कहा कि वर्ष 2016 रेगुलेशन के अनुसार शोध नियमित शिक्षक ही करा सकते हैं। संबद्ध कॉलेजों से शोध कराने का नियम नहीं है। बिहार विवि के कॉमर्स और दूसरे विषयों में शिक्षकों के नीचे शोधार्थियों की सीट कम है। ऐसे में छात्रों को कैसे गाइड मिलेंगे यह चिंता का विषय है। कहा कि पूर्व कुलपति हनुमान प्रसाद ने संबद्ध कॉलेज के शिक्षकों को शोध में गाइड बनाने की बात कही थी। मौजूदा कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने इस बार संबद्ध कॉलेज के शिक्षकों को शोध में गाइड नहीं बनाने की बात कही है। इसके अलावा शोधार्थियों को सुपरवाइजर चुनने की आजादी रहेगी।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR

DATE-02.09.2024, PAGE-06

# महामना मालवीय मिशन का अधिवेशन 14-15 को



मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के वीसी प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में रविवार को महामना मालवीय मिशन की बैठक हुई। इसमें मिशन के 15वें अधिवेशन की सफलता पर चर्चा हुई। अधिवेशन 14-15 सितंबर को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना में होगा। वीसी ने कहा कि इसमें सभी उपस्थिति दर्ज कराएं और महामना के संदेश के बारे में लोगों को बताएं। मौके पर विपिन कुमार सिंह, डॉ. अमर बहादुर शुक्ला, डॉ. भारती सेहता, डॉ. रजनीकांत पांडेय आदि मौजूद रहे।

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE-02.09.2024, PAGE-6

# सीनेट चुनाव : पीजी विभाग के 2 प्रतिनिधियों का निर्विरोध निर्वाचन तय, एक सीट पर सीधी टक्कर

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के सीनेट में पीजी विभाग यानी ग्रुप ए से 2 प्रतिनिधियों का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। एससी और एससी कोटि के 2 पद हैं और 2 ही नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। जनरल कोटि की तीसरी सीट के लिए 2 प्रत्याशियों के बीच मुकाबले के आसार हैं। वहीं, कांटे की टक्कर ग्रुप सी के जनरल कैटेगरी की सीट के लिए होगी। 2 सीट जनरल के लिए हैं, जिसपर संबद्ध व टेक्निकल कॉलेजों के 9 शिक्षकों ने दावेदारी पेश की है। 2 सितंबर को नाम वापसी के बाद 3 सितंबर को प्रत्याशियों की फाइनल सूची जारी की जाएगी। सीनेट की 15 सीटों के लिए चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। दो सीटों पर 1-1 प्रत्याशी होने के कारण अब 13 सीटों के लिए ही मतदान होगा। हालांकि, 2 सितंबर को नाम वापसी के लिए समय दिया गया है। ग्रुप ए और बी में 1-1 सीट पर 2-2 प्रत्याशी हैं। 3 ग्रुप से 41 शिक्षकों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिसमें एक का नामांकन पत्र रद्द होने के बाद 40 शिक्षक अभी मैदान में हैं।

## कोटिवार निर्धारित सीट व दावेदार

| | | |
|---|---|---|
| ग्रुप-ए | ग्रुप-बी | एसटी- 01- 02 |
| जनरल- 01- 02 | जनरल- 05- 10 | ग्रुप-सी |
| एससी- 01- 01 | ओबीसी- 02- 07 | जनरल- 02- 09 |
| एसटी- 01- 01 | एससी- 01- 05 | ओबीसी- 01- 03 |

## स्क्रूटनी के बाद उम्मीदवारों का संपर्क अभियान तेज

स्क्रूटनी में नामांकन पत्र सही पाए जाने के बाद उम्मीदवारों ने संपर्क अभियान शुरू कर दिया है। ग्रुप बी और सी के वोटर मुजफ्फरपुर के अलावा दूसरे जिलों में भी हैं। इसलिए परिचितों के माध्यम से मोबाइल पर भी संपर्क कर अपने पक्ष में वोटिंग की अपील कर रहे हैं। 23 सितंबर को मतदान के लिए तिथि तय की गई है। ग्रुप बी के अंगीभूत कॉलेज मुजफ्फरपुर सहित 6 जिलों में ही हैं, जबकि ग्रुप सी के संबद्ध कॉलेज और टेक्निकल कॉलेज बिहार के कई जिलों में हैं।

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE-02.02.2024, PAGE-06

# आईआईटी पटना में 14-15 सितंबर को होगा महामना मालवीय मिशन का 15वां अधिवेशन



मुजफ्फरपुर| महामना मालवीय मिशन का 15वां अधिवेशन 14 व 15 सितंबर को आईआईटी पटना में आयोजित होगा। महामना मालवीय मिशन पटना के अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह रविवार को बीआरए बिहार विवि में आमंत्रण देने आए। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में आवासीय कार्यालय में अधिवेशन के संदर्भ में परिचर्चा हुई। आईआईटी पटना के सहयोग से आईआईटी कैंपस में ही अधिवेशन होना है। कुलपति ने महामना के मानस पुत्र-पुत्रियों से आग्रह किया कि इस सभी अपनी अनिवार्य उपस्थिति दर्ज कराएं। मौके पर डॉ. अमर बहादुर शुक्ल, डॉ. भारती सेहता, डॉ. रजनीकांत पांडेय, डॉ. शशिकांत पांडेय, प्रो. राजेश्वर सिंह, डॉ. रमेश कुमार विश्वकर्मा, रोहन कुमार, रंजन कुमार, आलोक कुमार सिंह, रवीश कुमार, आरके चतुर्वेदी आदि थे।

**DAINIK BHASKAR ,MUZAFFARPUR, DATE-02.09.2024,PAGE-04**

## महामना के संदेश को प्रचारित प्रसारित करने की जरूरत



वैठक के वाद कुलपति प्रो. डीसी राय समेत अन्य● जागरण

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में रविवार को कुलपति प्रो.डीसी राय की अध्यक्षता में महामना मालवीय मिशन के 15वें अधिवेशन को लेकर परिचर्चा हुई। कुलपति ने बताया कि 14-15 सितंबर को आइआइटी पटना में हिंदी दिवस पर राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन होना है। इस अवसर पर महामना मालवीय मिशन पटना के अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह भी विश्वविद्यालय पहुंचे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों को अधिवेशन में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। कुलपति प्रो.डीसी राय ने महामना के मानस पुत्रों और पुत्रियों से आग्रह किया है कि वे अधिवेशन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। कहा कि महामना का हिंदी से गहरा जुड़ाव था। वे हिंदी को संस्कृत का उत्तराधिकारी मानते थे। साथ ही हिंदी को जनमानस की भाषा बनाने के पक्षधर थे। इस वर्ष भी महामना मालवीय मिशन हिंदी दिवस समारोह मना रहा है। उन्होंने अपील की है कि महामना का संदेश सत्य पहले फिर आत्मरक्षा को दुनिया में प्रचारित-प्रसारित करने की जरूरत है। वहीं मौके पर उपस्थित डा. अमर बहादुर शुक्ल ने कहा कि महामना एक युग पुरुष के साथ-साथ शिक्षा और स्वतंत्रता संग्राम के दिव्य पुरुष थे। उन्होंने काशी हिंदी विश्वविद्यालय की स्थापना की। मौके पर डा. भारती, डा. रजनीकांत पाण्डेय, डा. शशिकांत पाण्डेय, प्रो. राजेश्वर सिंह, डा. रमेश कुमार विश्वकर्मा, रोहन कुमार, रंजन कुमार, आलोक कुमार सिंह, रवीश कुमार, आर के चतुर्वेदी समेत अन्य उपस्थित हुए।

**DAINIK JAGRAN,MUZAFFARPUR DATE-02.09.2024,PAGE-04**

## पीजी विभाग से दो उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना तय

**सीनेट चुनाव**

**आज तक नाम वापस ले सकेंगे उम्मीदवार, कल जारी होगी अंतिम सूची, स्क्रूटनी के बाद 40 उम्मीदवार मैदान में**

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 12 वर्षों के बाद हो रहे सीनेट चुनाव में स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 40 उम्मीदवार मैदान में हैं। सोमवार तक नाम वापसी का मौका होगा। इसके बाद मंगलवार को विश्वविद्यालय की ओर से अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। अब तक की स्थिति को देखते हुए सोमवार को आखिरी दिन शायद ही कोई उम्मीदवार अपना नाम वापस ले। अगर ऐसा हुआ तो 40 उम्मीदवार मैदान में होंगे। इसमें पीजी विभागों के लिए होने वाले चुनाव में दो प्रतिनिधियों का चयन निर्विरोध होना तय है। कारण कि एलेक्ट्रल कैटेगरी ए में एससी और एसटी कैटेगरी में दो पद हैं और इस पर केवल दो उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। सामान्य कोटि की एक सीट के लिए भी केवल दो उम्मीदवार मैदान में हैं। दूसरी ओर कांटे की टक्कर सामान्य सीटों पर होनी है। अंगीभूत कालेजों और संबद्ध कालेजों से लेकर तकनीकी कालेजों में भी कड़ा संघर्ष होना तय माना जा रहा है। दूसरी ओर नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उम्मीदवारों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। उम्मीदवार सुबह, दोपहर और शाम में मीटिंग से वोटरों को अपने पक्ष में करने लगे हैं।

**DAINIK JAGRAN,MUZAFFARPUR,DATE-02.09.2024,PAGE-04**

# छह प्रखंडों में आंबेडकर आवासीय विद्यालय का होगा निर्माण

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** डा.बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर आवासीय विद्यालय निर्माण को लेकर छह प्रखंडों में भूमि नहीं मिलने की बाधा समाप्त हो गई है। जिला कल्याण विभाग के द्वारा मीनापुर, सकरा, कुढ़नी, मोतीपुर, पारू और बोचहां में सरकारी भूमि चिह्नित कर ली गई है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी और विकास मित्र के द्वारा भूमि का चयन करते हुए इसकी विस्तृत रिपोर्ट संबंधित अंचलाधिकारियों को दी गई है। ताकि आगे एनओसी समेत अन्य प्रक्रिया उनके स्तर से की जा सके। इसके अलावा बोचहां और मुरौल में अभी भी भूमि नहीं मिल सकी है। जिला कल्याण पदाधिकारी ने डीएम को इसकी रिपोर्ट दी है। उन्होंने अविलंब शेष प्रखंडों में भूमि चिह्नित करते हुए प्रस्ताव देने को कहा है। इन प्रखंडों में 720 बेड के आवासीय विद्यालय का निर्माण होना है। पूर्व में मुशहरी प्रखंड में इस आवासीय विद्यालय के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। प्रत्येक भवन के निर्माण पर करीब 46 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। भवन निर्माण विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**12 प्रखंडों में होना है राजकीय कल्याण छात्रावास का निर्माण, भूमि चयन की कवायद**

**बोचहां और मुरौल प्रखंड में नहीं मिल रही भूमि, डीएम ने इन जगहों के लिए अविलंब भूमि चिह्नित करने को कहा**




## 70 स्कूलों में खेलों के माध्यम से होगा छात्रों का विकास

**जासं, मुजफ्फरपुर :** खेल प्रशिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को शुरू हुआ। भगवानपुर सेवा सदन में कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के उपनिदेशक राजेंद्र कुमार एवं फाउंडेशन के निदेशक प्रभात कुमार ने किया। सशक्त फाउंडेशन एवं आइटीसी के सहयोग से जिले के 70 विद्यालयों में क्रिकेट एवं अन्य खेलों के माध्यम से छात्रों के बीच पोषण, फिटनेस एवं संपूर्ण विकास का कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके लिए जिला एवं राज्य स्तर के वर्तमान एवं पूर्व खिलाड़ियों को कार्यक्रम का हिस्सा बनाया गया। इसके लिए फाउंडेशन विद्यालयों में जरूरी आधारभूत संरचना एवं खेल के साजो सामान उपलब्ध कराएगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के उपनिदेशक ने कहा कि किस तरह खेल के माध्यम से मानसिक एवं सामाजिक विकास किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए खेल आवश्यक है। कार्यक्रम पदाधिकारी निधि रानी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**

**DATE-02.09.2024, PAGE-04**

## पूर्व एमएलसी व कॉलेज संचालक ने दिये चेक



**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के एलुमनाइ एसोसिएशन के कोष में दो लाख रुपये जमा कराये. तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व एमएलसी राम कुमार सिंह व श्रीराम जानकी स्वामी सहजानंद सरस्वती स्नातक महाविद्यालय के सचिव शंभु प्रसाद सिंह ने यह राशि दी. दोनों लोगों ने वीसी के आवासीय परिसर में स्वयं उपस्थित होकर एक-एक लाख का चेक प्रदान किया. कुलानुशासक प्रो विनय शंकर राय ने बताया कि इससे एसोसिएशन को बल मिलेगा. कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने इस कदम को सराहनीय व उत्साहवर्धक बताया.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**

**DATE-02.09.2024, PAGE-04**

# विवि के 400 स्टूडेंट्स को रोजगार देगी टीसीएस

**100 घंटे की ट्रेनिंग, इसके बाद टेस्ट व इंटरव्यू से सेलेक्शन**




**35 से अधिक कॉलेजों ने विवि के प्लेसमेंट सेल को दी लिस्ट**

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के चार सौ से अधिक छात्र-छात्राओं को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की ओर से रोजगार मिलेगा. टीसीएस ने विवि को इसकी जानकारी दी है. इसके बाद विवि के प्लेसमेंट सेल ने तैयारी शुरू की है. सभी अंगीभूत व संबद्ध डिग्री कॉलेजों को पत्र भेजा गया है.

कहा गया कि कंपनी के मानक के अनुसार वे छात्र-छात्राओं की लिस्ट विवि को दे दें. टाटा ने कहा-छात्र-छात्राओं के चयन के लिए टेस्ट लेने से पूर्व उन्हें 100 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसके बाद टेस्ट में प्रशिक्षण के दौरान बतायी बातें पूछी जाएंगी. टेस्ट व साक्षात्कार के बाद जो स्टूडेंट्स सफल होंगे, उन्हें पांच से छह लाख रुपये का पैकेज ऑफर देंगे.विवि ने इसके लिए कॉलेजों को गूगल फॉर्म भी भेजे हैं. उसी में छात्र-छात्राओं की जानकारी देनी है. जानकारी देने के बाद प्लेसमेंट सेल इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा.

### पूर्व के प्लेसमेंट ड्राइव में नहीं दिखी थी रुचि

बता दें कि विवि में पहली बार प्लेसमेंट सेल सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है. इससे पूर्व भी प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया था. हालांकि, छात्र-छात्राओं ने ही उसमें रुचि नहीं दिखायी थी. अंतिम रूप से कई छात्रों का चयन किया गया था, लेकिन उन्होंने फोन पर रिस्पांस नहीं दिया था. ऐसे में कंपनी ने प्रोजेक्ट ही बंद कर दिया. प्लेसमेंट सेल ने कहा है कि छात्र-छात्राओं को तैयारी करनी चाहिए. देश की सर्वश्रेष्ठ कंपनियां लगातार परिसर में प्लेसमेंट के लिए पहुंचेंगी. ऐसे में वे तैयार रहेंगे तो निश्चय ही उनका चयन होगा.